संख्या-346/2024/144आरएसएन/23-1-24/002-03(सी)आरएसएन-सीओएम/2024

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 **लखनऊ :दिनांक 23 अगस्त, 2024**

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान सं0-58 लेखाशीर्षक-3054 के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से विभिन्न जनपदों के 10 क्षतिग्रस्त मार्गों के विशेष मरम्मत कार्य हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के अधोलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में अंकित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार **विभिन्न जनपदों के 10 क्षतिग्रस्त मार्गों के विशेष मरम्मत कार्य हेतु कुल लागत रू0 10,25,65,000/- (रूपये दस करोड़ पच्चीस लाख पैंसठ हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ** चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान सं0-58 के **लेखाशीर्षक-3054** के अन्तर्गत राज्य सड़क निधि से कुल **रू0 2,40,60,000/- (रूपये दो करोड़ चालीस लाख साठ हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 का पत्र सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	यूनिक कोड	मार्ग का नाम	क्षतिग्रस्त लम्बाई कि0मी0 में	कार्य की लागत (18 प्रतिशत जीएसटी सहित)	05 वर्षीय अनुरक्षणकी लागत	कार्य की कुल लागत (05 वर्षीय अनुरक्षण एवं 18 प्रतिशत जीएसटी सहित)	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	601सी/337सी /रासनि(विमप्र) /मैनपुरी-मूल/24-25, दिनाक 20.08.2024	नि0खं0 मैनपुरी	181753	शिकोहाबाद भोगॉव मार्ग से नं0 गडरियन नं0इमलिया खर्रा सिरसागंज मार्ग की मरम्मत का कार्य।	3.850	40.63	6.10	46.73	10.15
2	601सी/337सी /रासनि(विमप्र) /मैनपुरी-मूल/24-25, दिनाक 20.08.2024	नि0खं0 मैनपुरी	180563	खरपरी बैजनाथपुर मार्ग की मरम्मत का कार्य	6.600	65.44	9.82	75.26	16.36
3	11/पीजे-11/40पीजे/24, दिनांक 21.08.2024	नि0खं0-4 प्रयागराज	453133	सहसों चन्दोहा मार्ग सेमरा से बभनकुइयां सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	2.000	67.90	5.86	73.76	16.97
4	11/पीजे-11/40पीजे/24, दिनांक 21.08.2024	नि0खं0-4 प्रयागराज	453576	ए0जी0 मार्ग से टटिहरा मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	2.900	86.35	4.69	91.04	21.58

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 का पत्र सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	यूनिक कोड	मार्ग का नाम	क्षतिग्रस्त लम्बाई कि0मी0 में	कार्य की लागत (18 प्रतिशत जीएसटी सहित)	05 वर्षीय अनुरक्षणकी लागत	कार्य की कुल लागत (05 वर्षीय अनुरक्षण एवं 18 प्रतिशत जीएसटी सहित)	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
5	11/पीजे-11/40पीजे/24, दिनांक 21.08.2024	नि0खं0-4 प्रयागराज	453002	गहियान (मलावा बुजुर्ग) सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	2.000	100.75	4.34	105.09	25.18
6	11/पीजे-11/40पीजे/24, दिनांक 21.08.2024	नि0खं0-4 प्रयागराज	453160	जी0टी0 सराय इनायत से चक रघुनाथपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	4.000	126.11	6.50	132.61	31.52
7	11/पीजे-11/40पीजे/24, दिनांक 21.08.2024	नि0खं0-4 प्रयागराज	457291	जी0टी0 छतनाग मार्ग के किमी0-3 से स्वामी विश्वात्मानन्द सरस्वती आश्रम तक मार्ग तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	1.100	51.33	2.31	53.64	12.83
8	11/पीजे-11/40पीजे/24, दिनांक 21.08.2024	नि0खं0-4 प्रयागराज	453255	जे0के0डी0एल0 के किमी0-8 छिवैया बाजार से छिबैया मुरारपट्टी बजहा चक हिनौता होते हुए मुकुन्दपुर से चकिया छिबैया तक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	3.700	74.17	5.36	79.53	18.54
9	11/पीजे-11/40पीजे/24, दिनांक 21.08.2024	नि0खं0-4 प्रयागराज	452796	सराय इनायत से कुऑडीह मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	2.450	104.57	4.26	108.83	26.14
10	598सी/338सी-मुरादाबाद मूल/24-25, दि020.08.2024	नि0खं0-1 मुरादा बाद	40451	मुरादाबाद सम्भल मार्ग से सब्जीपुर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	1.345	245.35	13.81	259.16	61.33
							कुल योग-	1025.65	240.60

(1) प्रश्नगत कार्यों की द्विरावृत्ति को रोकने की दृष्टि से प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। यदि द्विरावृत्ति पायी जाय तो उस स्वीकृति को निरस्त करते हुए संबंधित कार्य पर आवंटित धनराशि शासन को तत्काल समर्पित की जाय।

(2) प्रश्नगत कार्यों को उस समय तक प्रारम्भ न किया जाय और न ही उन पर कोई व्यय भार लिया जाय जब तक कि स्वीकृत लागत के अन्तर्गत विस्तृत आगणन गठित कर उस पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्राविधिक स्वीकृति प्रदान न कर दी जाय। यदि यह कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो समस्त उत्तरदायित्व संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता का होगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(3) लेबर सेस की एक प्रतिशत धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(4) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा की परियोजना में जी0एस0टी0 की धनराशि समय-समय पर स्वीकृति/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष नियमानुसार जमा की जायेगी।

(5) प्रश्नगत कार्यों हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2025 तक कर लिया जाय। कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 30 अप्रैल 2025 तक शासन को निश्चित रूप से उपलब्ध करा दिया जाय।

(6) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाय तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में न किया जाय।

(7) राज्य सड़क निधि हेतु गठित उ0प्र0 राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं/प्रयोजनों के लिये ही स्वीकृत/आवंटित धनराशि का उपयोग किया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जाय कि जिन प्रयोजनों हेतु राज्य सड़क निधि से धनराशि स्वीकृत हुई है वह उसी प्रायोजन हेतु व्यय की गयी है। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कार्य की अव्यवहारिकता दर्शाते हुए स्वीकृति निरस्त न हो।

(8) प्रश्नगत कार्य निर्धारित व अनुमोदित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप सम्पादित कराये जाय ताकि उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यदि किसी अपरिहार्य परिस्थितिवश निर्धारित मानकों/विशिष्टियों में परिवर्तन किया जाना अपेक्षित हो तो, उक्त परिवर्तन/विचलन शासन की पूर्वानुमति से ही किया जाय। प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि आगणन में किसी भी प्रकार की त्रुटि न होने पाये।

(9) विभाग द्वारा यथावश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(10) प्रायोजनान्तर्गत यदि वन भूमि से संबंधित कार्य प्रस्तावित किया जाता है तो इस संबंध में आवश्यक वैधानिक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

(11) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों हेतु पंचवर्षीय अनुरक्षण की स्वीकृति के संबंध में शासनादेश में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही की जाये।

(12) प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ द्वारा वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 एवं अन्य सुसंगत शासनादेशों का पूर्णतया अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय **रू0 2,40,60,000/- (रूपये दो करोड़ चालीस लाख साठ हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 **लेखाशीर्षक** में अनुदान संख्या-58 **लेखाशीर्षक 3054**043370500 राज्य सड़क निधि से सड़कों का अनुरक्षण मानक मद 29 अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के का कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

संख्या-346/2024/144आरएसएन(1)/23-1-24/002-03(सी)आरएसएन-सीओएम/2024-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।
2- निजी सचिव, मा0राज्य मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
4- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
5- मुख्य अभियंता(मुख्यालय-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
6- मुख्य अभियंता, संबंधित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग।
7- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
8- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
9- वेब मास्टर, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
10- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
11- लोक निर्माण अनुभाग-10/वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0शासन।
12- नोडल अधिकारी (आनलाइन बजट एलॉटमेंट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अभिषेक गंगवार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।